प्रेस नोट संख्या- 33

दिनांक 20.08.2025

सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा चोरियों का खुलासा, बकरा/बकरी चोरी करने वाले अन्तर्जनदीय 03 शातिर चोर 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार, कब्जे से चोरी की 05 बकरियां, 01 बकरा व चोरी में प्रयुक्त कार बरामद ।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्रीमती अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम दिनांक 20.08.2025 को क्षेत्राधिकारी तिलोई श्री दिनेश कुमार मिश्रा के कुशल नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज श्री राकेश सिंह मय हमराह वांछित अभियुक्तों की तलाश व देखभाल क्षेत्र के दौरान थानाक्षेत्र में मौजूद थे तभी मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि थानाक्षेत्र मोहनगंज व जगदीशपुर में बकरा/बकरी चोरी करने वाले कुछ लोग औरा गाड़ी सं0 UP72BV1036 में चोरी की बकरियां लाद कर कहीं बेचने जाने की फिराक में मोहनगंज-जायस बॉर्डर पर खड़े हैं । उक्त सूचना पर थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा मुखबिर के बताये स्थान पर पहुंच कर औरा गाड़ी सं0 UP72BV1036 को घेर कर उसमें बैठे 03 लोगों को पकड़ लिया गया तथा 01 व्यक्ति अंधेरे का फायदा उठा कर मौके से भाग गया । नाम पता पूछने पर कार चालक ने अपना नाम प्रियम मौर्या उर्फ प्रेम मौर्या पुत्र धर्मेन्द्र कुमार मौर्या निवासी सकरदहा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ उम्र करीब 19 वर्ष बताया, दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम मो0 अहमद पुत्र मो0 अहमद अली निवासी गढ़ी बाजार थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी उम्र करीब 46 वर्ष बताया जिसकी तलाशी से 01 तमंचा व 01 जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ । तीसरे व्यक्ति ने अपना नाम अखिलेश कोरी पुत्र रंजीत कुमार निवासी पूरे अधार तिवारी मजरे उत्तरगांव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र करीब 20 वर्ष बताया । कार की तलाशी से 05 बकरी व 01 बकरा बरामद हुआ तथा कार के डेस्क बोर्ड से बकरी चोरी में प्रयुक्त 02 चाकू, 01 रस्सी व 01 टॉर्च बरामद हुई । भागने वाले व्यक्ति का नाम पता पूछने पर प्रियम मौर्या ने बताया कि उसका नाम नूर है जो जगदीशपुर के आसपास का रहने वाला है । बरामद बकरा व बकरियों के संबंध में तीनों ने बताया कि वे लोग नूर उपरोक्त के साथ मिलकर इसी गाड़ी से दिनांक 15.08.2025 की रात्रि में ग्राम असनी से 02 बकरे चोरी किया था तथा दिनांक 15.07.2025 को दिन में करीब 03:00 बजे जगदीशपुर से 02 बकरी व बकरी चरा रहे लड़के को बैठाकर भाग गये थे तथा भागते समय लड़के को इण्डियन ऑयल पेट्रोल पम्प पर उतार दिये थे । प्रियम मौर्या ने बताया कि ग्राम असनी से चोरी किये हुए एक बकरे को पहले ही बेच दिया था जिसके रुपये अभी नूर के पास ही हैं । 01 बकरा व 02 बकरियां उन्हीं चोरियों की हैं, शेष 03 बकरियों को कहां से चुराया याद नहीं है । जनपद अमेठी, रायबरेली, सुलतानपुर से बकरा/बकरी चोरी करके बेच देते हैं जो रुपये मिलते हैं आपस में बांट लेते हैं । प्रियम मौर्या उर्फ प्रेम मौर्या ने बताया कि औरा कार उसके पिता के नाम पर पंजीकृत है जिसके कागज मांगने पर दिखा न सका ।

उक्त दोनों चोरियों के संबंध में थाना मोहनगंज व जगदीशपुर पर अभियोग पंजीकृत है। बरामदगी के आधार पर उपरोक्त दोनों अभियोगों में धारा 317(2) बीएनएस की बढ़ोत्तरी की गयी है तथा बरामद तमंचा व कारतसू के संबंध में थाना मोहनगंज पर मु0अ0सं0 241/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

1. प्रियम मौर्या उर्फ प्रेम मौर्या पुत्र धर्मेन्द्र कुमार मौर्या निवासी सकरदहा थाना बाघराय जनपद प्रतापगढ़ उम्र 19 वर्ष।
2. मो0 अहमद पुत्र मो0 अहमद अली निवासी गढ़ी बाजार थाना पश्चिम शरीरा जनपद कौशाम्बी उम्र 46 वर्ष।
3. अखिलेश कोरी पुत्र रंजीत कुमार निवासी पूरे अधार तिवारी मजरे उत्तरगांव थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी उम्र 20 वर्ष।

बरामदगी-

- चोरी का 05 बकरियां व 01 बकरा।
- चोरी में प्रयुक्त 01 औरा कार सं0 UP72BV1036
- 01 तमंचा व 02 जिंदा कारतूस।

पंजीकृत अभियोग/पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

- मु0अ0सं0 240/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
- मु0अ0सं0 222/25 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी ।
- मु0अ0सं0 241/25 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
- औरा कार सं0 UP72BV1036 धारा 207 एमवी एक्ट

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री राकेश कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
2. उ0नि0 सैयाम बाबू थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
4. हे0का0 अरविन्द प्रताप सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
5. हे0का0 उमेश चन्द्र थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
6. का0 रोहित सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
7. का0 सुनील कुमार थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
8. का0 मनीष पाण्डेय थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
9. का0 अरविन्द सिंह थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
10. का0 सचिन थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।
11. का0 अर्जुन थाना मोहनगंज जनपद अमेठी।